BOOK YOUR DISPLAY CLASSIFIED ADVERTISEMENTS AT
Timings : 9 am to 7 pm
Head office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
Plot No. A-23/5 & 6 2nd Floor,
APIE, Balanagar, Hyderabad - 500 037
City office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
4th Floor, 19 Towers (T19),
Near Bus Stand, Ranigunj,
Secunderabad - 500 003
8688868345

शुभ लाभ
म्हारो भाग्यनगर
दैनिक हिन्दी शुभ लाभ, हैदराबाद, शुक्रवार, 09 अगस्त, 2024

शुभ लाभ
आपकी सेवा में
शुभ लाभ से जुड़ी किसी भी समस्या या सुझाव के लिए मो. 86888 68345 पर संपर्क करें।

# एलबीएमटी हाई स्कूल एवं जेकेपीएस का सम्मान प्रदान समारोह सम्पन्न



**हैदराबाद, 08 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।** अग्रवाल शिक्षा समिति द्वारा संचालित एलबीएमटी हाई स्कूल एवं जीकेपीएस का सम्मान प्रदान समारोह का समिति के प्रांगण में गुरुवार, दि. 8 अगस्त, 2024 को सम्पन्न हुआ। सम्मान प्रदान समारोह केवल पदों पर प्रतिष्ठित होना ही नहीं बल्कि अपने कर्तवें एवं जिम्मेदारियों का निर्वाह करना है। इसीलिए विद्यालय की छात्र-परिषद के छात्रों का निर्वाचन उनकी प्रतिभाओं और योग्यताओं के आधार पर किया गया।

कार्यक्रम का आरंभ वंदेमातरम् गीत एवं समिति के पदाधिकारियों द्वारा माँ सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका श्रीमती प्रीतिबाला ने अतिथियों के सम्मान में स्वागत भाषण दिया और कहा कि विद्यालय स्तर पर ही विद्यार्थियों में योग्य नागरिक बनने की क्षमता उत्पन्न होती है। मंचासीन पदाधिकारियों ने नवनिर्वाचित छात्र-परिषद के छात्रों को बैजेस और सैशेस देकर सम्मनित किया। विद्यालय में उपस्थित चारों गृहों (लाल, नीले, हरे एवं पीले) के छात्रों ने मार्च पास्ट किया। छात्र परिषद के छात्रों को उनके कर्तव्यों एवं जिम्मेदारियों के निर्वहन के लिए शपथ दिलाई गई।छात्र-परिषद के विद्यार्थियों के नाम हैं- हेड बॉय- भास्कर पात्रा, हेड गर्ल- दीक्षिता शर्मा, डेम्युटी हेड बॉय - शुवमदान, डेप्युटी हेड गर्ल - नेहा-पाल, लिटररी कप्तान - अनिकदास एवं हर्षवर्धन सोनी, कल्चरल कप्तान- रहमिन कातून एवं स्वीटी पंडित, डिसिप्लिन कप्तान - महेश पवार एवं मोहिनी घोष, स्पोर्टस् कप्तान - अक्षय कुमार एवं दियानस्कर, स्पोटर्स सचिव - प्रेममिदिया, लालगृह कप्तान - अब्दुस समी, उपकप्तान - मनितोष मंडल। नीलागृह कप्तान - भूनेश्वरी शर्मा, उपकप्तान- जानवी शर्मा। हरा गृह कप्तान - सौमुजाना, उपकप्तान - केजी गणेश। पीला गृह कप्तान - हरीश रेड्डी, उपकप्तान - ब्रिष्टि सिंघा।

त्रमिति के अध्यक्ष प्रमोद कुमार केडिया ने कहा कि जो भी विद्यार्थी निर्वाचित हुए हैं वे आज विद्यालय के नेता हैं तो कल वे समाज और देश का नाम भी रौशन कर सकते हैं अर्थात आज का विद्यार्थी ही कल देश का कर्णाधार बन सकता है। इसलिए सभी को अपने-अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक पालन करना होगा।

समिति के मानद मंत्री सीए नवीन कुमार अग्रवाल ने छात्रों को उनकी उपलब्धियों के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि विद्यालय में अनुशासन,, ईमानदारी, सम्मान आदि नैतिक मूल्यों का होना आवश्यक है। सभी क्षेत्रों को ध्यान में रखकर विद्यालय को प्रगति की ओर अग्रसर करना चाहिए।विद्यालय के कोऑर्डिनेटर प्रदीपकुमार अग्रवाल ने कहा कि यह क्षण आपके जीवन काएक महत्वपूर्ण समय है। वे व्यक्तिगत नहीं बल्कि सामूहिक कार्य कर रहे हैं उन्हें विद्यालय की उन्नति के लिए कार्य करना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की अध्यापिका श्रीमती मेघा कुलकर्णी ने किया । आभार प्रदर्शन दसवीं कक्षा की छात्रा डिंपल कुमारी ने किया।




# पित्ती ट्रस्ट-अग्रवाल सेवा दल का 132वां निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर 11 को

हैदराबाद, 08 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)। बदरीविशाल पन्नालाल पित्ती ट्रस्ट-अग्रवाल सेवा दल द्वारा महाराणा प्रताप सेवा समिति अत्तापुर के सहयोग से 132वां निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आगामी दि. 11 अगस्त को सुबह 10.00 से दोपहर 2.00 बजे तक अत्तापुर पांडुरंगा नगर स्थित भाग्योदय हाई स्कूल में आयोजित किया जायेगा।

यहां अग्रवाल सेवा दल के प्रचार संयोजक अजीत गुप्ता द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, शिविर श्री भगवान महावीर विकलांग समिति हैदराबाद, मेडिकवर अस्पताल बेगमपेट, एलसीएस डंडू आई इंस्टीट्यूट वेस्ट मारेडपल्ली के सहयोग से आयोजित किया जायेगा। शिविर में मेडिकवर अस्पताल के जनरल फिजिशियन, ईसीजी-2डी इको-बीएमडी, आरबीएस, रक्तचाप की जांच की जाएगी तथा शिविर में एलसीएस डूंडू नेत्र संस्थान वेस्ट मैरेडपल्ली के चिकित्सकों द्वारा नेत्रों की जांच के पश्चात जरूरतमंदों को निःशुल्क चश्मे और योग्य के लिए निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन की व्यवस्था की जाएगी। फिजियोथैरेपी की सेवा बजाज फिजियो केयर की डॉ. मीता बजाज द्वारा की जाएगी। दंत की जांच ललिता डेंटल क्लीनिक के डॉ.संजय सूर्यवंशी द्वारा की जाएगी। इस अवसर पर आर्थोपेडिक और कार्डियोलॉजी आर्थोपेडिक, कार्डियोलॉजी, गायनेकोलॉजी की सेवा दी जाएगी। श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति हैदराबाद के द्वारा निशुल्क कृत्रिम अंग, हैंड किट्स, कैलिपर्स, हैंडस एवं डायलिसिस रोगियों के लिए निशुल्क डायलिसिस की सेवा प्रदान की जाएगी। सभी से शिविर का अधिक से अधिक लाभ लेने का आग्रह किया गया है। शिविर में नाम पंजीकरण सुबह 10.00 से दोपहर 12.00 बजे तक किया जायेगा और कैंप दोपहर 2.00 बजे जारी रहेगा। अधिक जानकारी के लिए कैम्प के संयोजक प्रदीप अग्रवाल, सुधीर गुप्ता,सुरेन्द्र गोयल, ठाकुर दिनेश सिंह, ठाकुर अर्जुन सिंह, ठाकुर महेन्द्र सिंह से संपर्क किया जा सकता है।

# नागार्जुन सागर परियोजना के सभी 26 गेट खोले गए



**हैदराबाद, 08 अगस्त ( शुभ लाभ ब्यूरो)।** बाढ़ का प्रवाह बढ़ने के कारण नागार्जुन सागर परियोजना के 26 में से अंतिम चार गेट गुरुवार को हटा दिए गए।परियोजना अपने सभी 26 शिखर द्वारों के माध्यम से 2.70 लाख क्यूसेक का संयुक्त बाढ़ प्रवाह छोड़ रही है।

परियोजना में प्रवाह 2.53 लाख क्यूसेक की सीमा में है।चार गेटों को 10 फीट ऊपर उठा दिया गया जबकि 22 अन्य को पांच फीट तक खुला रखा गया।

परियोजना में जल स्तर 590 के पूर्ण जलाशय स्तर (एफआरएल) के मुकाबले 585 फीट पर बनाए रखा गया है। वर्तमान भंडारण 298 टीएमसी से थोड़ा अधिक है, जो इसकी सकल भंडारण क्षमता 312 टीएमसी से केवल 14 टीएमसी कम है।

# आप और हम की सावन की सैर 15 को

**हैदराबाद, 08 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।** राजर्सनी एवं हरियाणा समाज का सशक्त संगठन आप और हम की सावन की सैर 15 अगस्त, 2024 को नवनिर्मित रिसॉटर्स कृष्णा सरिन पोनल गांव, शामीरपेट में किया जा रहा है।

प्रेस को जारी विज्ञप्ति में संस्था के अध्यक्ष धर्मीचंद कुमावत ने बताया कि उक्त कार्यक्रम में विभिन्न खेल-कूद प्रतियागिताएं जिसमें इंडोर गेम्स के अंतर्गत कैरमबोर्ड, चेस, टेबलटेनिस, ट्रम्पोलिन, आरचर आदि का आयोजन किया जा रहा है। आउटडोर गेम्स के अंतर्गत स्विमिंग (कॉस्ट्यूम व्यक्तिगत), बास्केट बॉल, फुटबॉल, बैडमेंटिन, शटलकॉक, क्रिकेट, बायसाइकल आदि की व्यवस्था रहेगी।



विज्ञप्ति के अनुसार संस्था की नई कार्यकारिणी के गठन के पश्चात उक्त कार्यक्रम समाज का पहला कार्य है। प्रधान संयोजक शशिकांत अग्रवाल ने बताया कि संस्था द्वारा सभी के लिए निःशुल्क बस की व्यवस्था रहेगी और सभी के लिए सुबह का अल्पहार, दोपहर एवं रात्रि भोज आदि की व्यवस्था हलवाई से बने स्वादिष्ट भोजन के साथ रहेगी। पूर्व अध्यक्ष नंदगोपाल भट्टड ने बताया कि कार्यक्रम में प्रवेश, प्रवेश पत्रों द्वारा दिया जाएगा। सीमित प्रवेश होने के कारण पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर प्रवेश रहेगा।

विज्ञप्ति में सभी से आग्रह किया गया है कि अपने-अपने प्रवेश पत्र जल्द-से-जल्द पंजीकृत करवा लेंवे। प्रवेश पत्र एवं अधिक जानकारी के लिए अध्यक्ष धर्मीचंद कुमावत, प्रधान संयोजक शशिकांत अग्रवाल, मानदमंत्री सोहनसिंह राजपुरोहित,, कोषाध्यक्ष कोमल शर्मा, निवर्तमान अध्यक्ष नंदगोपाल भट्टड आदि से संपर्क कर लिया जा सकता है।

# तेलंगाना सरकार ने नए राशन कार्डों के वितरण की निगरानी को कैबिनेट उप-समिति बनाई

**हैदराबाद, 08 अगस्त ( शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना सरकार ने नए राशन कार्डों के वितरण की निगरानी के लिए एक कैबिनेट उप-समिति का गठन किया है।इस संबंध में मुख्य सचिव शांति कुमारी ने गुरुवार को आदेश जारी किया। कैबिनेट उप-समिति में अध्यक्ष के रूप में नागरिक आपूर्ति और सिंचाई मंत्री उत्तम कुमार रेड्डी, सदस्य के रूप में स्वास्थ्य मंत्री दामोदर राजा नरसिम्हा और राजस्व मंत्री पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी शामिल हैं। उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के प्रमुख शासन सचिव उप-समिति के संयोजक होंगे। उप-समिति सरकार को नए खाद्य सुरक्षा (राशन) कार्ड और स्वास्थ्य कार्ड जारी करने के लिए पात्रता मानदंड और तौर-तरीकों की जांच करेगी।

# कोत्तागुडेम में दो माओवादियों ने पुलिस के समक्ष किया आत्मसमर्पण

**हैदराबाद, 08 अगस्त ( शुभ लाभ ब्यूरो)।** दो माओवादियों ने गुरुवार को कोत्तागुडेम में पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। कोत्तागुडेम के पुलिस अधीक्षक (एसपी) बी रोहित राजू के अनुसार, आत्मसमर्पण करने वाले नक्सली तहत एक मिलिशिया सदस्य के रूप में माओवादियों में शामिल हुए। 2022 में उन्हें दलम सदस्य के रूप में पदोन्नत किया गया और बीके-एएसआर समिति के सचिव आज़ाद के लिए गार्ड के रूप में कार्य किया गया। उन्हें 2023 में सबरी इलाके में स्थानांतरित कर



कोत्तागुडेम जिले के चेरला मंडल के सीपीआई (माओवादी) सबरी दलम सदस्य वेट्टी लक्ष्मैया उर्फ कल्लू और छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के गोलापल्ली एलओएस सदस्य मल्लम देवा हैं।

एसपी ने कहा कि ऑपरेशन चेयुथा के हिस्से के रूप में पुलिस भूमिगत कैडरों को माओवादी पार्टी से बाहर आने के लिए प्रोत्साहित करने की कोशिश कर रही थी और दो नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया है।लक्ष्मैया 2011 में चेरला-सबरी क्षेत्र के मिलिशिया कमांडर वेट्टी देवा उर्फ बालू की कमान के दिया गया था। मल्लम देवा ने 2007 से 2015 तक माओवादियों के बलाला संघम में सेवा की, जिसके दौरान वह मदकम उंगल उर्फ एराल की कमान के तहत गोलापल्ली मिलिशिया के सदस्य के रूप में शामिल हुआ। 2017 में उन्हें मिलिशिया कमांडर के रूप में पदोन्नत किया गया और 2020 में दलम सदस्य के रूप में पद-ोन्नत किया गया। गोलापल्ली एलओएस कमांडर एर्रा दादा की मृत्यु के बाद, देवा ने प्रभारी के रूप में कार्य किया।

# केवल आत्म शुद्धि के लिए साधना करनी चाहिए : साध्वीरत्न धर्मज्योति म.सा



**हैदराबाद, 08 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।** महान चमत्कारी कलिकाल सर्वज्ञ पूज्य श्री जेष्ठमलजी म.सा की अनुकम्पा से राजस्थान केसरी उपाध्याय पूज्य श्री पुष्करमुनिजी म.सा,श्रमण संघीय आचार्य पूज्य डॉ.श्री शिवमुनिजी म.सा, महाश्रमण पूज्य श्री जितेंद्रमुनिजी म.सा की आज्ञानुवर्तिनी जिनशासन चंद्रिका पूज्य गुरुणीमैया श्री शीलकुंवरजी म.सा, जिनशाशन गौरव तत्व चिन्तामणि गुरुणीमैया श्री चन्दनबालाजी म.सा की सुशिष्या धवल यशस्वी चरित्र चिन्तामणि साध्वीरत्ना श्री देवेंद्रप्रभाजी म.सा, साध्वी श्री धर्मज्योतिजी म.सा, नवदीक्षित साध्वी श्री प्रियांशश्रीजी म.सा आदि ठाणा 3 का शासन-ोत्कर्ष वर्षावास 2024 के अंतर्गत जैन श्री संघ मलकपेट के तत्व-ावधान में बम्ब सिंघी भवन में सुख साता पूर्वक विराज रहे है।

आज यहाँ जारी प्रेस विज्ञप्ति में चातुर्मास प्रधान संयोजक गिरिराज सिंघी ने बताया कि पुष्कर शील चन्दन दरबार में साध्वी श्री प्रियांसाश्रीजी म.सा ने अपनी अमृतमय जिनवाणी के माध्यम से प्रवचन श्रृंखला में बताया की संयम जीवन में त्याग का बहुत बड़ा महत्व और और हममे इसी त्याग की महिमा को समझना है। साधु-साध्वी के जीवन मे त्याग बहुत महत्वपूर्ण है. जीवो की रक्षा उनका मूल सिद्धांत व उद्देश्य होता है। कंदमूल, कच्ची वनस्पति, वाहन-गाड़ी, मोबाइल व अन्य प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक्स गैजेट्स का सभी का त्याग होता है और इन सब के बिना ही अपने जीवन को यापन करते है। साध्वी श्री धर्मज्योतिजी म.सा ने अपना उदबोधन एक मुहावरा से शरू किया वो है निशाने पर जो लग जाये उसे तीर कहेता है, में कहा कि.. जिससे प्यास बुझ जाए उसे नीर कहेता है.. निशा से हाथ रंगना कोई बड़ी बात नही, जो आत्मा को जीत जाए वही सच्चा वीर कहे लाता है. आगे बताया कि सम्यक दर्शन एक रुई के समान है जो अपनी आत्मा से स्पर्श होजाये तो हमारे जीवन मे ज्ञान का भंडार खुल जाता न और मोक्ष का मार्ग प्राप्त होता है। वस्तु की कीमत उसे गढ़ने से बल्कि उससे पारख ने से और पढ़ने से होती है.सभी जीव के अंदर जीने की कला होती है और वो पुरषो में 72 कला एवं स्त्रीओ में 64 कलाये होती है। ज्ञान ही जीवन का उजाला है। एक जो शून्य(0) होता है उसकी बहुत ही ज़्यादा कीमत होती है जब वो एक का अंक होता है. शून्य का मतलब है स्वार्थ रहित जीवन के प्रति अपने आप को समर्पित करना. कोई भी साधना और तप कर तो बिना कोई मोह या स्वार्थ से नही करना और बिना कोई फल की चाहत से करना चाईए.जो कोई भी साधना करता है और उससे कोई फल की इच्छा रखता है वो साधना निष्फल हो जाती है. केवल आत्मा शुद्धि के लिए साधना करना चाहिए।

धर्म सभा का संचालन करते हुवे संघ के मंत्री दिलीप गादिया ने धर्म सभा में पधारे सभी श्रावक-श्राविकाओं का स्वागत किया। आज की धर्म सभा मे बाहर गॉव से भी दर्शनर्त पधारे और संघ की प्रबल पुन्यवानी से आज पूज्य साध्वीरत्न के मुखारबिंद से एक 14 उपवास के पचखन हुए। शुक्रवार को प्रवचन के पश्चात श्री योगेंद्र गादिया सुपुत्र राजेन्द्र-संगीताजी गादिया मलकपेट वालो की 15उपवास(अर्ध मासखमं) की पचखावनी साध्वीरत्न के मुखरबिंद से ग्रहण रहेगी। तपस्वी के तपस्या अनुमोदार्थ श्रीमान सुगनचंद राजेंद्रकुमार दिलीपकुमार गादिया परिवार मलकपेट वालो की और से स्वरूचि भोजन की व्यवस्था का आयोजन किया जाएगा।

सभी तप के पारणे की व्यवस्था श्री संघ द्वारा संघ के भोजनशाला में रखी गई है। सम्पूर्ण चातुर्मास में एखासन व आयंबिल का लाभ श्रीमान तेजराजजी गौतमचन्द अजय संजय श्रीमाल कोठारी परिवार मलकपेट वालों ने लिया। धर्म सभा मे त्रयनगर के विभिन्न क्षेत्रों से धर्मानुरागी श्रावक-श्राविकाएं उपस्थित होकर और संघ की शोभा बढ़ाई।



अग्रमंच मासिक के जुलाई (119वे) अंक का लोकार्पण करते हुए प्रवीण कुमार (इंडिया टूरिज्म सूचना अधिकारी, हैदराबाद), अजित कुमार शर्मा (गुजरात टूरिस्ट अधिकारी, हैदराबाद), वीरेंद्र सिंह राणा (जनसंपर्क अधिकारी, गढ़वाल मंडल विकास निगम, हैदराबाद), एम. ज्योति (प्रबंधक- लेंड एयर, हैदराबाद) और अग्रमंच प्रकाशन समुह के प्रमुख डॉ दिलीप पंसारी।



राजस्थानी ब्राह्मण सभा हैदराबाद-सिकंदराबाद के अध्यक्ष पंडित पुरषोत्तम लाला के ज्योतिष शास्त्र में परचम लहराने पर सभा द्वारा सम्मान करते रामदेव नागला, रामबाबू कौशिक,श्रीलाल पारीक, सुरेश गांधी, राजेन्द्र शर्मा, विनोद मुदगल, दामोदर जोशी व मुकेश सांडिल्य।

# चंद्रबाबू सरकार अपने वादे पूरे करने में विफल रही : जगन रेड्डी

**विजयवाड़ा, 08 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

पूर्व मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने आरोप लगाया कि चंद्रबाबू नायडू के नेतृत्व वाली आंध्र प्रदेश सरकार चुनाव के दौरान किए गए सुपर सिक्स वादों को पूरा करने में विफल रही।पूर्व मुख्यमंत्री और वाईएसआरसीपी प्रमुख वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने गुरुवार को यहां पास के ताडेपल्ली कैंप कार्यालय में पेंडुरथी, पयाकारोपेटा और नरसीपट्टनम निर्वाचन क्षेत्रों के मंडल परिषद प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र (एमपीटीसी) और जिला परिषद प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र (जेडपीटीसी) के सदस्यों की एक श्रृंखला को संबोधित करते हुए कहा मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू के नेतृत्व वाली सरकार पैसे और ताकत से अत्याचार कर रही है। उन्होंने कहा कि आगामी एमएलसी चुनाव से यह संदेश जाना चाहिए कि अन्याय और शोषण नहीं चलेगा। उन्होंने टिप्पणी करते हुए कह



कि हमने उन लोगों को भोजन उपलब्ध कराया जो भूखे थे, लेकिन चंद्रबाबू नायडू ने बिरयानी का वादा किया। अब खाना और बिरयानी दोनों खत्म हो गए हैं, जिससे लोग फिर से भूखे रह गए हैं। उन्होंने पिछले दो महीनों में शासन की विफलताओं की ओर इशारा किया, जिसमें बर्बाद स्कूलों, खराब सरकारी अस्पतालों और बीज के लिए संघर्ष कर रहे किसानों का हवाला दिया। उन्होंने आश्वासन दिया कि उनके प्रशासन के दौरान, सेवाएं हर घर के दरवाजे तक पहुंचाई गईं, यह प्रथा टीडीपी गठबंधन सरकार के तहत बंद हो गई है।वाईएसआरसीपी प्रमुख ने उल्लेख किया कि लोग शासन, कानून और व्यवस्था की कमी और प्रणालियों के विनाश को देख रहे हैं और कहा कि चंद्रबाबू को झूठ के माध्यम से सत्ता मिली है, और ऐसी शक्ति स्थायी नहीं है। उन्होंने दोहराया कि 2019 के चुनावों के दौरान किए गए हर वादे को उनके नेतृत्व में पूरा किया गया और मूल्यों और विश्वसनीयता के महत्व पर जोर दिया गया, जो उनके शासन की नींव रहे हैं। जगन मोहन रेड्डी ने सरकार से उत्पीड़न का सामना करने वाले प्रत्येक पार्टी कार्यकर्ता को अपना समर्थन दिया, और वादा किया कि लोग इन चुनौतियों से निपटने में उनका समर्थन करेंगे। उन्होंने 16 महीने तक जेल में रहने के दौरान अपने राजनीतिक उत्पीड़न का जिक्र किया, लेकिन इस बात पर प्रकाश डाला कि लोगों के लिए संघर्ष ने उन्हें सत्ता में वापस ला दिया। उन्होंने खेद व्यक्त करते हुए कहा, ये सभी लोग पार्टी चिन्ह और झंडे पर जीते, पुलिस का उपयोग करके सत्ता का दुरुपयोग करना न्याय के सार को कमजोर करता है।

# सीएम रेवंत ने पेरिस ओलंपिक में पदक जीतने पर भारतीय हॉकी टीम को दी बधाई



**हैदराबाद, 08 अगस्त ( शुभ लाभ ब्यूरो)।**

तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने गुरुवार को पेरिस ओलंपिक-2024 में शानदार प्रदर्शन करने और पदक जीतने के लिए भारतीय हॉकी टीम को बधाई दी।

एक संदेश में सीएम रेवंत रेड्डी ने कहा कि भारतीय हॉकी टीम ने असाधारण रूप से अच्छा खेला और ओलंपिक खेलों में भारत का नाम रोशन किया। सीएम ने कहा, भारतीय टीम को हमारे राष्ट्रीय खेल में पदक जीतते देखना सभी के लिए एक सुखद क्षण है। हॉकी में भारत ने स्पेन को 2-1 से हराकर कांस्य पदक जीता।

# रेवंत रेड्डी ने बुद्धदेव के निधन पर शोक व्यक्त किया

**हैदराबाद, 08 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने गुरुवार को पश्चिम बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री एवं मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के वरिष्ठ नेता बुद्धदेव भट्टाचार्य के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया।

श्री रेड्डी ने एक्स पर श्री भट्टाचार्य को न्याय परायणता का स्तंभ बताते हुए मुख्यमंत्री के रूप में उनके 11 साल और पांच दशकों की सार्वजनिक सेवा के प्रति सम्मान व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने उनके परिवार और माकपा समुदाय के प्रति संवेदना व्यक्त की। गौरतलब है कि श्री भट्टाचार्य का 80 वर्ष की आयु में आज सुबह निधन हो गया। वह लंबे समय से उम्र संबंधी बीमारी और सांस लेने में तकलीफ से पीड़ित थे।

बंगाल में वाम मोर्चे के 34 साल तक सत्तारुढ़ रहने के दौरान श्री भट्टाचार्य दूसरे और आखिरी माकपा मुख्यमंत्री रहे। श्री भट्टाचार्य 2000 से 2011 तक राज्य के मुख्यमंत्री रहे।

# मनुष्य के पतन का कारण हैं अभिमान : हरिप्रिया वैष्णवी



**हैदराबाद, 08 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

कोई भी मनुष्य अगर अपनी काबिलियत पर घमंड करता है, अभिमान करता है तो उसका पतन निश्चित है।

उक्त उद्गार गुरुवार को अत्तापुर स्थित ब्रह्मचारी मठ राधा कृष्ण मंदिर में राजस्थानी जागृति समिति द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के पहले दिन के दौरान कथावाचक सुश्री हरी प्रिया वैष्णवी ने अपने प्रवचन में कही। उन्होंने मनुष्य के जीवन को खुशनुमा बनाने के अनेक बिंदुओं को लेकर समझाते हुए अच्छे गुरु से संगत लेने की सलाह दी।

भागवत कथा वाचक हरिप्रिया वैष्णवी का राजस्थानी जागृति समिति के अध्यक्ष श्रीनिवास सोमानी, कथा संयोजक पवन नालपुरिया ने पगड़ी पहनकर सम्मान किया। भगवत कथा में सैकड़ो महिलाओं एवं गणमान्य ने भाग लिया। कथा के प्रथम दिन के मुख्य यजमान बद्री प्रसाद सरायवाला के अलावा सुरेश कुमार मोदी, सरदार आनंद सिंह, सरदार सुखजिंदर सिंह, संजय गुप्ता, प्रेमचंद मुर्णोत्, संजय राठी , अशोक कुमार हीरावत, जयप्रकाश लड्डा, रमेश मोदानी, श्यामसुंदर जांगिड़, महिला मंडल अध्यक्ष ज्योति शर्मा, गौरजा ईनाणी, विद्या बाई शर्मा, जिया अग्रवाल, सोहनलाल नेहरा, डालूराम महेंद्रजांगिड़, संजय गुप्ता, श्याम शर्मा, सहित अनेक गणमान्य लोग भी उपस्थित होकर कथा स्मरण किया।

## कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान महोत्सव प्रारंभ

# मुक्ति का मार्ग दिखाती हैं भागवत कथा आचार्य रमाकांत गोस्वामी

**हैदराबाद, 08 अगस्त ( शुभ लाभ ब्यूरो)।**

राधे राधे ग्रुप हैदराबाद के तत्वावधान में श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान महोत्सव का गुरुवार को पूरे विधि-विधान, व्यास पूजन एवं कलश यात्रा के भव्य आयोजन से प्रारंभ हुआ। अयोध्या स्थित श्रीरामचरित्रमानस भवन में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ ब्रजभक्त आचार्य रमाकांत गोस्वामी के सानिध्य में हुआ। सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान में प्रथम दिन महिलाओं द्वारा कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा परिक्रमा मार्ग, रामघाट से होते हुए तुलसी भवन होते हुए मानस भवन पहुंची।



व्यास पीठ पर विराजमान आचार्य रमाकांत गोस्वामी ने प्रथम दिवस की पावन कथा में भागवत के महात्मय से शुरुआत की साथ ही भक्ति, ज्ञान, वैराग्य की कथा का आनंद दिलाया। आचार्य रमाकांत गोस्वामी ने भागवत कथा का महत्व बताते हुए कहा कि मृत्यु को जानने से मृत्यु का भय मन से मिट जाता है। जिस प्रकार परीक्षित ने भागवत कथा का श्रवण कर अभय को प्राप्त किया, वैसे ही भागवत जीव को अभय बना देती है। श्रीमद्भागवत कथा परमात्मा का अक्षर स्वरूप है। यह परम हंसों की संहिता है, भागवत कथा हृदय को जागृत कर मुक्ति का मार्ग दिखाती है। भागवत कथा भगवान के प्रति अनुराग उत्पन्न करती है। यह ग्रंथ वेद, उपनिषद का सार रूपी फल है। यह कथा रूपी अमृत देवताओं को भी दुर्लभ है। उन्होंन कहा कि सत्य ही सर्वश्रेष्ठ धर्म है। आज के समय में सभी लोगों को अपने परिवार विशेष तौर से युवा पीढी को हमारे सनातन धर्म, संस्कृति, पुरातन धरोहर, वेद शास्त्रों की जानकारी देने पर बल देने की आवश्यकता है। कथा संयोजक डॉ, चन्द्रकला अग्रवाल, सतीश गुप्ता, आशा गुप्ता, भगतराम गोयल, सुमन लता गोयल, रामप्रकाश अग्रवाल, सुनीता अग्रवाल, जगत नारायण अग्रवाल, राजकुमारी अग्रवाल, सुशील गुप्ता, शीतल गुप्ता, महेश अग्रवाल, बबीता अग्रवाल, अमित अग्रवाल, शीतल अग्रवाल, प्रेमलता अग्रवाल (बंजारा हिल्स) उपस्थित थे। भागवत कथा में विजय प्रकाश अग्रवाल, बीना अग्रवाल, रमेश चंद्र गुप्ता, सत्यभामा गुप्ता, प्रेमलता अग्रवाल, नंद किशोर अग्रवाल,मंजू अग्रवाल, अनिता शाह,राजेंद्र अग्रवाल, संतोष अग्रवाल (बगड़िया), अविनाश गुप्ता, सरिता गुप्ता, ज्ञानेन्द्र अग्रवाल, गायत्री अग्रवाल, वेद प्रकाश अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, श्रीकिशन अग्रवाल, प्रेमलता अग्रवाल, सुभाष अग्रवाल, आशा अग्रवाल, बबीता गुप्ता, सुनीता गुप्ता, कौशल्या गुप्ता, पुष्पा अग्रवाल, अजय गोयल एवं कविता गोयल सहित सैकड़ों वैष्णवजन उपस्थित थे।



**अत्तापुर में राजस्थानी जागृति समिति द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के आयोजन से पूर्व गुरुवार को रामबाग राम मंदिर प्रांगण से श्रीमद् भागवत कथा आयोजन स्थल ब्रह्मचारी मठ तक भव्य कलश यात्रा का आयोजन हुआ।**

# हिलेस की 595वीं साहित्य और कवि गोष्ठी कल

**हैदराबाद, 08 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।** हिंदी लेखक संघ हैदराबाद की 595वीं मासिक साहित्य और कवि गोष्ठी शनिवार, 10 अगस्त को सायं 5-00 बजे से नामपल्ली स्थित हिंदी प्रचार सभा हैदराबाद के सभा कक्ष में संपन्न होगी। मिलिंद प्रकाशन के संचालक व हिंदी सेवी श्रुतिकांत भारती और गीत चाँदनी के अध्यक्ष व गीतकार चंपालाल बैद बतौर विशेष अतिथि मंच पर उपस्थित रहेंगे।

आज यहाँ जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में उक्ताशय की जानकारी देते हुए हिंदी लेखक संघ हैदराबाद के संयोजक व कवि गोविंद अक्षय ने बताया कि इस गोष्ठी के प्रथम सत्र में यूनियन बैंक ऑफ़ इंडिया, अंचल कार्यालय, हैदराबाद के वरिष्ठ प्रबंधक (राजभाषा) देवकांत पवार कार्यालयों में राजभाषा कार्यान्वयन और तकनीकी साधनों की भूमिका विषय अपना व्याख्यान प्रस्तुत करेंगे, जिस पर सामूहिक चर्चा भी की जाएगी। इस अवसर पर द्वितीय सत्र में आयोजित होने वाली कवि गोष्ठी में कविगण देश की समसामयिक समस्याओं और जीवन के विभिन्न विषयों पर अपने गीत, ग़ज़ल और हास्य-व्यंग्य की कविताओं का पाठ करेंगे।

संयोजिका व कवयित्री रत्नकला मिश्र ने सभी लेखकों, कवियों तथा हिंदी प्रेमी श्रोताओं से समय पर उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने का अनुरोध किया है। सायं 5-15 बजे तक पहुँचने वाले कवियों को ही कविता पाठ का अवसर प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम ठीक सायं 7-30 बजे समाप्त हो जाएगा।

# पूर्व मंत्री ने मेडिकल कॉलेजों के निजीकरण के आंध्र सरकार के कदम की निंदा की

**विजयवाड़ा, 08 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।** पूर्व मंत्री मेरुगु नागार्जुन ने चुनाव से पहले नए मेडिकल कॉलेजों के बारे में खुलकर झूठ बोलने और अब उन कॉलेजों का निजीकरण करने का निर्णय लेने के लिए टीडीपी गठबंधन सरकार की तीखी आलोचना की।गुरुवार को यहां कैंप कार्यालय में मीडिया से बात करते हुए, नागार्जुन ने मांग की कि सरकार इन कॉलेजों के निजीकरण के अपने फैसले को वापस ले और कहा कि



वाईएसआरसीपी गरीब छात्रों की ओर से लड़ेगी। उन्होंने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू, मानव संसाधन विकास मंत्री नारा लोकेश और उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण को नए मेडिकल कॉलेजों में सीटों के संबंध में अपने चुनाव पूर्व वादों का सम्मान करना चाहिए, अन्यथा जनता के सामने उनके पाखंड को उजागर करने के लिए निश्चित रूप से विरोध प्रदर्शन शुरू किया जाएगा। पूर्व मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने 14 साल तक सीएम रहने के बावजूद एक भी सरकारी मेडिकल कॉलेज की स्थापना नहीं की और कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री और वाईएसआर-कांग्रेसपी अध्यक्ष वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने अपने पांच साल के कार्यकाल में 17 मेडिकल कॉलेजों का निर्माण कराया। साथ ही, 2,550 नई मेडिकल सीटें बनाईं और यह सुनिश्चित करने के लिए एक सुविचारित मॉडल पेश किया कि उन नए मेडिकल कॉलेजों को चलाने में कोई वित्तीय कठिनाई नहीं होगी, जिसका लक्ष्य गरीबों को उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा देखभाल प्रदान करना है। उन्होंने कहा, लेकिन इस मॉडल को कुछ नेताओं और मीडिया ने बेशर्मी से तोड़-मरोड़कर पेश किया।उन्होंने हाल की कैबिनेट बैठक में नए मेडिकल कॉलेजों के लिए पीपीपी मॉडल पर चर्चा करने के लिए टीडीपी गठबंधन सरकार की आलोचना की और कहा कि वे धोखेबाज हैं और वाईएसआरसीपी प्रमुख के खिलाफ उनके झूठे प्रचार का उद्देश्य पूरी तरह से चिकित्सा शिक्षा प्रदान करने के किसी भी वास्तविक इरादे के बिना उनकी छवि को खराब करना है। नागार्जुन ने कहा कि सरकार ने सत्ता में आने पर सभी सरकारी आदेशों को रद्द करने और सरकारी क्षेत्र में सभी सीटें भरने का वादा किया था और सवाल किया कि यह वादा क्यों नहीं निभाया जा रहा है और नए मेडिकल कॉलेजों का निजीकरण करने का प्रयास क्यों किया जा रहा है। उन्होंने उल्लेख किया कि 2023-24 में पांच कॉलेजों (विजयनगरम, मछलीपट्टनम, राजामहेंद्रवरम, एलुरु, नंद्याल) में कक्षाएं पहले ही शुरू हो चुकी थीं, और दूसरे चरण में 2024-25 में पडेरू, मार्कापुरम, मदनपल्ले के मेडिकल कॉलेजों में कक्षाएं शुरू हो जाएंगी।

# ओड़ीशा सरकार ने तेलंगाना में सिंगरेनी को 140 हेक्टेयर जमीन सौंपी

**हैदराबाद, 08 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

ओड़ीशा सरकार ने नैनी में खनन करने के लिए तेलंगाना राज्य के स्वामित्व वाली सिंगरेनी कोलियरीज कंपनी लिमिटेड (एससीसीएल) को आवंटित कुल 643 हेक्टेयर आरक्षित वन भूमि में से 140 हेक्टेयर वन भूमि सौंप दी थी। कोयला ब्लॉक छेंदीपाड़ा (अंगुल जिला) में स्थित है।गुरुवार को यहां एक बयान में, एससीसीएल के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक एन बलराम, जो बुधवार को कोयला कंपनियों की बैठक में भाग लेने के लिए भुवनेश्वर गए थे, ने ओड़ीशा के मुख्य सचिव मनोज आहूजा से पेड़ों की गिनती और उन्हें हटाने की प्रक्रिया में पूरा सहयोग देने को कहा ताकि नैनी कोयला ब्लॉक में कोयला उत्पादन किया जा सके।

उन्होंने कहा, आहूजा ने सकारात्मक प्रतिक्रिया दी और आश्वासन दिया कि पेड़ों की गिनती की प्रक्रिया 10 दिनों के भीतर पूरी हो जाएगी।

शुभ लाभ DAILY खबरें जो सोच बदल दे

# बांग्लादेश से अवैध अप्रवासियों को रोकने के लिए हैदराबाद में पुलिस अलर्ट पर

## ट्रेनों की हो रही गहन जांच, शहर के विभिन्न हिस्सों पर भी रखी जा रही पैनी नजर

**हैदराबाद, 08 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।** पड़ोसी देश में अशांति के बाद बांग्लादेशी अवैध अप्रवासियों के संभावित आगमन को रोकने के लिए ग्रेटर हैदराबाद में पुलिस अलर्ट पर है। बांग्लादेशियों के शहर में प्रवेश के किसी भी प्रयास को विफल करने के लिए पुलिस कर्मी कोलकाता से आने वाली ट्रेनों की गहन जांच कर रहे हैं।




खुफिया एजेंसियों द्वारा जारी अलर्ट के बाद, पुलिस सिकंदराबाद और नामपल्ली रेलवे स्टेशनों पर पहुंचने वाली ट्रेनों की जांच कर रही है। पुलिस टीमें शहर के उन हिस्सों में भी जांच कर रही हैं जहां पहले बांग्लादेश से अवैध अप्रवासियों को गिरफ्तार किया गया था। हैदराबाद, साइबराबाद और राचाकोंडा कमिश्नरेट की पुलिस बालापुर, कटेदान, मैलारदेवपल्ली, फलकनुमा और पहाड़ाई शरीफ जैसे इलाकों में अलर्ट पर है। निवासियों को सलाह दी गई है कि वे अपने पड़ोस में संदिग्ध व्यक्तियों की मौजूदगी के बारे में पुलिस को सूचित करें। सूत्रों ने बताया कि कुछ संदिग्धों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है अतीत में, रोहिंग्या और कुछ बांग्लादेशी इन क्षेत्रों में बसे हुए पाए गए थे। वे विक्रेताओं या उद्योगों या निर्माण क्षेत्र में श्रमिकों के रूप में काम कर रहे थे। उनमें से कुछ कथित तौर पर अवैध रूप से बांग्लादेश की यात्रा कर रहे थे और वापस आ रहे थे। फरवरी में, तेलंगाना के खम्मम शहर में ऑपरेशन मुस्कान के तहत पुलिस ने बांग्लादेश के पांच नाबालिगों को बचाया था। एक एनजीओ की मदद से बच्चों को उनके देश वापस भेजा गया। खम्मम में अवैध रूप से रहने के आरोप में चार बांग्लादेशी नागरिकों को भी गिरफ्तार किया गया। उनमें से दो ने कथित तौर पर फर्जी प्रमाण-पत्रों का उपयोग करके पासपोर्ट, आधार, पैन और मतदाता पहचान पत्र प्राप्त किए थे।।

हाल ही में सिकंदराबाद में एक नाबालिग समेत चार बांग्लादेशी पकड़े गए थे। उन्होंने पुलिस को बताया कि वे चंद्रायनगुट्टा में रहने वाले अपने रिश्तेदारों से मिलने आए थे, हालांकि, पुलिस के पहुंचने से पहले ही कथित अवैध अप्रवासी भाग गए। कथित तौर पर कुछ अवैध आप्रवासी बांग्लादेश से भारत में अवैध रूप से प्रवेश करने वाले अन्य लोगों की मदद करने वाले एजेंट बन गए हैं। कहा जाता है कि प्रत्येक व्यक्ति को अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने और हैदराबाद पहुंचने के लिए 5,000 से 6,000 रुपए का भुगतान करना पड़ता है। यह भी पाया गया कि हैदराबाद हवाई अड्डा बांग्लादेशी अवैध अप्रवासियों के लिए खाड़ी देशों के लिए एक सुरक्षित मार्ग बन गया है। इस साल फरवरी में, राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (आरजीआईए) पुलिस ने एक बांग्लादेशी नागरिक को फर्जी पासपोर्ट और आधार कार्ड के साथ गिरफ्तार किया था। पिछले साल ऐसे ही दो मामले सामने आए थे। तीनों मामलों में आरोपी त्रिपुरा के रास्ते भारत में दाखिल हुए थे।

बांग्लादेश में बड़े पैमाने पर हिंसा और शेख हसीना सरकार के पतन के बाद पड़ोसी देश के कई लोगों के मारे जाने की खबर है। किसी भी घुसपैठ को रोकने के लिए सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) पहले से ही सीमा पर अलर्ट पर है। बुधवार को सैकड़ों बांग्लादेशी पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी जिले में भारत के साथ अंतरराष्ट्रीय सीमा पर एकत्र हुए थे और सीमा पार करने की कोशिश कर रहे थे। उन्होंने दावा किया कि उनके देश में उन पर हमला हो रहा है। हालांकि, बाद में बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) उन्हें वापस ले गया।

# जीआरपी ने अपहृत बच्चे को बचाया अपहरणकर्ता पकड़ा गया

**हैदराबाद, 08 अगस्त ( शुभ लाभ ब्यूरो)।** सरकारी रेलवे पुलिस (जीआरपी) ने रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के साथ मिलकर गुरुवार को एक पांच वर्षीय लड़की को बचाया, जिसे मंगलवार को सिकंदराबाद रेलवे स्टेशन से कथित तौर पर अपहृत कर लिया गया था। गिरफ्तार व्यक्ति मोहम्मद परवेज (35) है, जो मणिकोंडा का एक चिकन दुकान कर्मचारी है और बिहार का मूल निवासी है।



मंगलवार की शाम गौसिया बेगम नाम की महिला जनरल टिकट पर जनगांव के लिए ट्रेन पकड़ने के लिए रेलवे स्टेशन आई थी। उसने अपनी छोटी बेटी नायरा बेगम (5) को चबूतरे पर बैठाया और खाना लेने चली गई। पुलिस के मुताबिक जब गौसिया वापस लौटी तो बच्चा गायब था। रेलवे स्टेशन परिसर में इधर-उधर तलाश करने के बाद वह बुधवार को जीआरपी, सिकंदराबाद पहुंची और शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद मामला दर्ज किया गया और अपहृत बच्चे का पता लगाने के लिए विशेष टीम का गठन किया गया।जीआरपी अधिकारी ने बताया कि विशेष टीमों ने रेलवे स्टेशन के अंदर और बाहर लगे निगरानी कैमरों से एकत्र किए गए सीसीटीवी फुटेज का सत्यापन किया। उन्होंने देखा कि एक अज्ञात व्यक्ति गेट नंबर 1 से बच्चे को लेकर जा रहा है। सभी स्थानीय पुलिस स्टेशनों, रेलवे स्टेशनों और बस स्टेशनों को अलर्ट कर दिया गया। जब तलाश जारी थी, जांच अधिकारियों को बुधवार रात मेहदीपट्टनम बस स्टैंड पर बच्चे के साथ अपहरणकर्ता की गतिविधियों के बारे में जानकारी मिली।

अधिकारी ने बताया कि हमारी टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं और अपहरणकर्ता को गिरफ्तार करने के अलावा बच्चे को बचा लिया। उससे पूछताछ करने पर, संदिग्ध ने कबूल किया कि उसे वित्तीय समस्या थी और उसने उसके परिवार से फिरौती मांगने के लिए बच्चे का अपहरण किया था। बच्ची को सुरक्षित उसके परिवार को सौंप दिया गया और संदिग्ध को अदालत में पेश किया गया और न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# रेवंत रेड्डी ने अंतर्राष्ट्रीय आदिवासी दिवस पर आदिवासियों को दी शुभकामनाएं

**हैदराबाद, 08 अगस्त ( शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय आदिवासी दिवस के अवसर पर आदिवासी समुदाय को शुभकामनाएं दीं। गुरुवार को एक संदेश में रेड्डी ने कहा कि आदिवासी जंगलों के मूल निवासी हैं और वे ही बहुमूल्य प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा करते हैं।

आदिवासी समुदाय पवित्र रिश्ते निभाने का भी प्रतीक है, सीएम ने कहा कि आदिवासियों के अधिकारों की रक्षा और उनके कल्याण के लिए जनता की सरकार प्रतिबद्ध है।

उन्होंने कहा कि सरकार ने इस साल बजट में 17,056 करोड़ रुपये आवंटित करके आदिवासी कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। रेड्डी ने कहा कि जनजातीय बस्तियों में उपेक्षित उन्नत पंचायतों को सड़क, बिजली, चिकित्सा देखभाल और शिक्षा सुविधाओं जैसे नागरिक बुनियादी ढांचे को विकसित करने के लिए पर्याप्त धन उपलब्ध कराया जाएगा।

# काकोरी प्रतिरोध की घटना युवाओं को सदैव प्रेरित करती रहेगी: शेखावत

**नई दिल्ली, 08 अगस्त (एजेंसियां)।** केन्द्रीय संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा है कि काकोरी में क्रांतिकारियों के प्रतिरोध की घटना युवाओं को सदैव प्रेरणा देती रहेगी। यहां कांस्टीट्यूशन क्लब में सभ्यता अध्ययन केंद्र के काकोरी प्रतिरोध शताब्दी वर्ष समारोह श्रृंखला के उद्घाटन कार्यक्रम में श्री शेखावत ने कहा कि भारत में जानबूझकर प्रयास किए गए कि भारतीय इतिहास को कितना छुपाया जाय।



उन्होंने कहा, हम इतिहास को जानने का प्रयास करेंगे, तो पता चलता है भारतीय स्वाधीनता आंदोलन के दौरान लखनऊ के निकट काकोरी में क्रांतिकारियों ने स्वयं सक्षम होने और सहारनपुर से लखनऊ जाने वाली रेलगाड़ी में काकोरी में अंग्रेजी सरकार को आर्थिक हानि पहुंचाने के उद्देश्य से चलती ट्रेन में सरकारी ख़ज़ाने को लूटा था। नौ अगस्त 1925 को घटित इस घटना में युवा क्रांतिकारी राम प्रसाद बिस्मिल, अशफ़ाकउल्ला खान, राजेंद्र लाहिड़ी, चंद्रशेखर आज़ाद, शचींद्रनाथ सान्याल, ठाकुर रोशन सिंह और अन्य क्रांतिकारी शामिल थे।

घटना के बाद सितंबर तक इस मामले में कुल 40 क्रांतिकारियों गिरफ्तार किया गया। राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाकउल्ला खान, राजेंद्र लोहड़ी और ठाकुर रोशन सिंह फांसी की सजा दी गई थी।

इस कार्यक्रम में श्री शेखावत के अलावा रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ, भारतीय पुलिस सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. सत्यपाल सिंह भी शामिल हुए। काकोरी विमर्श पर आमंत्रित प्रमुख वक्ता डॉ. बी आर अंबेडकर विश्वविद्यालय, दिल्ली के उप अधिष्ठाता (अकादमिक) एवं म्यूजियम एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष डॉ. आनंदवर्धन थे ।इस मौके पर सभ्यता अध्ययन केंद्र के निदेशक रविशंकर ने स्वाधीनता आंदोलन के दौरान उन अमर बलिदानियों का स्मरण करते हुए काकोरी विमर्श की भूमिका स्थापित की।

# पवन कल्याण ने कर्नाटक से कुछ कुमकी हाथियों को आंध्र प्रदेश भेजने का अनुरोध किया

**अमरावती, 08 अगस्त ( शुभ लाभ ब्यूरो)।** आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण गुरुवार को कर्नाटक के वन मंत्री ईश्वर बी. खंड्रे से बातचीत करने के लिए बेंगलुरु पहुंचे और उनसे राज्य के लिए कुछ कुमकी हाथियों को भेजने का अनुरोध किया।



चूंकि कुमकी हाथी जंगली हाथियों को भगाने में मदद करते हैं, इसलिए आंध्र प्रदेश सरकार कर्नाटक से जंगली हाथियों को भगाने के लिए इनमें से कुछ हाथियों को भेजने का अनुरोध कर रही है, जो राज्य के कुछ हिस्सों में तबाही मचा रहे हैं। पवन कल्याण, जिनके पास पंचायत राज और ग्रामीण विकास, विज्ञान और प्रौद्योगिकी और ग्रामीण जल आपूर्ति के अलावा पर्यावरण और वन विभाग भी है, कर्नाटक के वन मंत्री से अनुरोध स्वीकार करने का आग्रह किया।

इस बीच पवन कल्याण ने बेंगलुरु में कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया से मुलाकात की। इससे पहले पवन कल्याण का बेंगलुरु पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। कर्नाटक सरकार के प्रतिनिधियों ने हवाई अड्डे पर उनका स्वागत किया। तमिलनाडु की सीमा से लगे चित्तूर जिले के कुछ हिस्सों और ओडिशा के पास पार्वतीपुरम मान्यम जिले में मानव-हाथी संघर्ष की घटनाएं देखी जा रही हैं। मई में, आंध्र प्रदेश वन विभाग के अधिकारियों ने कर्नाटक में अपने समकक्षों के समक्ष नौ प्रशिक्षित कुमकी हाथी देने का अनुरोध किया था।

कथित तौर पर कर्नाटक के विभिन्न शिविरों में लगभग 100 हाथी हैं, लेकिन सभी कुमकी हाथी नहीं हैं। कुमकी हाथी जंगली हाथियों को वश में करने में उपयोगी होते हैं और इस प्रकार जानवरों और मनुष्यों दोनों को सुरक्षित रखते हैं। चित्तूर और पार्वतीपुरम मान्यम जिलों के कुछ हिस्सों में जंगली हाथी गांवों में प्रवेश कर रहे हैं। वे न केवल कृषि और बागवानी फसलों को नष्ट कर रहे हैं बल्कि मनुष्यों पर भी हमला कर रहे हैं। इसके परिणामस्वरूप कुछ लोगों की जान चली गई। मई में चित्तूर जिले के थावनमपल्ले मंडल के सरकल्लु वन क्षेत्र से सटे एक आम के बगीचे में एक हाथी ने एक खेत मजदूर को कुचल कर मार डाला। जून में, उसी जिले के रामकुप्पम मंडल में एक हाथी ने एक और किसान को कुचल कर मार डाला।पिछले साल अगस्त में चित्तूर जिले में जंगली हाथियों के हमले में एक दंपति की मौत हो गई थी और एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया था। मई में, एक ही जिले में दो अलग-अलग घटनाओं में दो व्यक्तियों की कुचलकर हत्या कर दी गई थी।

अधिकारियों के मुताबिक प्रशिक्षित कुमकी हाथी और महावत जंगली हाथियों को भगाने में मदद करेंगे। हाल ही में, ओडिशा ने भी मानव-हाथी संघर्ष की समस्या के समाधान के लिए तमिलनाडु सरकार से कुछ कुमकी हाथी उपलब्ध कराने का अनुरोध किया था। तमिलनाडु को एक सफल मॉडल के रूप में देखा जाता है क्योंकि वहां के अधिकारी कुमकी हाथियों को प्रशिक्षित कर रहे हैं और वन्यजीव संरक्षण के लिए उनका उपयोग कर रहे हैं।




# सड़क दुर्घटना में शिशु की मौत

**हैदराबाद, 08 अगस्त ( शुभ लाभ ब्यूरो)।** गुरुवार सुबह मासाब टैंक में एक सड़क डिवाइडर से टकराने के बाद ऑटो रिक्शा के पलट जाने से तीन महीने की एक नवजात बच्ची की मौत हो गई।



पुलिस के मुताबिक, शिशु की मां संतोषी और उसकी दादी लक्ष्मी बच्ची अन्विका के साथ ऑटो में एमजीबीएस काटेदान से अपने मूल स्थान नांदेड़ जाने के लिए ऑटो रिक्शा में जा रही थीं। जब ऑटो रिक्शा महावीर अस्पताल के पास पहुंचा, तो चालक जे अनिल ने वाहन को सड़क के डिवाइडर से टकरा दिया और वाहन पलट गया। ऑटो में सवार सभी लोग सड़क पर गिर गये और नवजात बेसुध हो गया। मासाब टैंक पुलिस स्टेशन के एक अधिकारी ने कहा परिवार उसे पास के अस्पताल ले गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। ऑटो चालक के खिलाफ लापरवाही से गाड़ी चलाने का मामला दर्ज किया गया है।

## भारतीय उच्चायोग ने भारतीय नागरिकों की सुरक्षित सीमा तक पहुंचाया

**ढाका, 08 अगस्त (एजेंसियां)।** भारतीय उच्चायोग ने बांग्लादेश सेना एवं प्रशासन के अधिकारियों के साथ समन्वय में भारतीय नागरिकों को सीमाओं तक सुरक्षित पहुंचाने की सुविधा प्रदान की है।सूत्रों के अनुसार मिशन ने परिवहन और आवाजाही के मुद्दों पर सलाह दी है और उड़ानों के लिए हवाई अड्डे और एयरलाइंस के साथ समन्वय भी किया है। मिशन नियंत्रण कक्ष ने पिछले दो दिनों में 350 से अधिक कॉलों पर कार्रवाई की है।

सूत्रों ने कहा कि भारतीय मिशन ने विभिन्न परियोजनाओं में लगे कर्मियों सहित भारतीय नागरिकों को भूमि सीमाओं के पार आवाजाही की सुविधा प्रदान की है। इनमें से कुछ स्थितियाँ जीवन के लिए खतरा थीं। इरकॉन खुलना, एलएंडटी, राइट्स, टाटा प्रोजेक्ट्स, एफ़कॉन्स और ट्रांसरेल सिराजगंज के सदस्यों की भूमि सीमा के माध्यम से सुविधाजनक ढंग से स्वदेश भेजा गया है।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक गोपाल अग्रवाल द्वारा श्री शेषसाई इंटरप्राइजेज प्लॉट नंबर. 98/1, को-ऑपरेटिव इंडस्ट्रीयल एस्टेट, गांधी नगर, बालानगर के पास मेडचेल-मल्काजगिरि जिला. हैदराबाद 500037, तेलंगाना स्टेट से मुद्रित तथा प्लॉट नं. ए-23/5 तथा 6, दूसरा माला, ओपीआईई, बालानगर, हैदराबाद, मेडचल मलकाजगिरी जिला, तेलंगाना राज्य-500037 से प्रकाशित। आर. एन. आई रजिस्टर्ड नं. TELHIN/2019/78163, फोन नं. 040-29551811. E-mail : dailyshubhlabh@gmail.com.